# निहालपुरा में अराध्य बाबा रामदेव के लक्खी मेले में उमड़ा श्रद्धालुओं का जन सैलाब

**सिकराय ( निसं)।** उपखंड केनिहालपुरा-अचलपुरा स्थित अराध्य बाबा रामदेव मंदिर पर 34 वें वार्षिक लक्खी मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा। आस-पास के गांवों सहित दूर दराज से लोग पैदल यात्रा कर रामदेव मंदिर पहुंचे। यहां पर पदयात्राओं का जगह-जगह रास्ते में स्वागत किया गया। मंदिर पर आयोजित मेले में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिमी राजस्थान के साथ-साथ पूर्वी राजस्थान में भी रामदेव के श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। निहालपुरा अचलपुरा रामदेव मंदिर आस्था का केंद्र बनता जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने लोगों को रामदेव के भजन भी गाकर सुनाएं। केंद्रीय मंत्री के भजनों पर लोग झूम उठे। इस दौरान उन्होंने मंदिर पर लाइब्रेरी निर्माण के लिए 20 लाख व 20 लाख से अधिक राशि का मंदिर परिसर में टीन शैढ निर्माण की घोषणा की। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने ग्रामीणों की मांग पर गौशाला खुलवाने के लिए राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री से मिलकर जल्द गौशाला खुलवाने का आश्वासन दिया। मंत्री ने रामदेव जी के ढोक लगाकर मंदिर परिसर का अवलोकन भी किया।मेला कार्यक्रम में मंदिर ट्रस्ट समिति के द्वारा प्रतिभाओं को प्रमाण पत्र व मुमेंटो भेंट किए गए तथा भामाशाह व जनप्रतिनिधियों का स्वागत सम्मान किया गया। मेले में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 200 युवकों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में सिकराय विधायक विक्रम बंशीवाल, पूर्व मंत्री ममता भूपेश, बांदीकुई विधायक भागचंद टांकड़ा, महुवा विधायक राजेंद्र मीणा आदि ने भी संबोधित किया। विशाल मेले को लेकर पुलिस का भी भारी जाप्ता मेले में तैनात रहा।

देर शाम तक श्रद्धालुओं का मंदिर पर आने का तांता लग रहा। इस मौके पर मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष शिवचरण मेहरा, बलवीर बंशीवाल, प्रधान सुल्तान बैरवा, गौरी देवी पाटन, सोमेश विजय,गुलाब बैरवा सरपंच , मोहनलाल बैरवा, ज्ञानचंद बैरवा, राधेश्याम बैरवा,बाबूलाल बैरवा, नाथूलाल अचलपुरा, कैलाश बैरवा,कजोड़ बैरवा भंडारी, खैराती लाल बसीदारिया, जयराम रायपुरा, रामकिशोर बैरवा बसिदारिया, सुखचंद बैरवा सहित बड़ी तादाद में लोग मौजूद रहे ।



निहालपुरा के अराध्य बाबा रामदेव मंदिर में मंदिर ट्रस्ट समिति व केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने सम्मानित किया।

- केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल व विधायको सहित अन्य लोगों ने की शिरकत

## संक्षिप्त

### लेफ्टिनेंट बन किया नाम रोशन

**चाकसू** (निस) चाकसू पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कादेड़ा के निवासी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

क्षेत्र के कादेड़ा गांव निवासी शैलेंद्र प्रताप सिंह नरूका के पिता करणी सिंह नरूका सवाई मानसिक चिकित्सालय से के अधीक्षक रेडियोग्राफर पद से रिटायर हैं और माता सुनीता कंवर ग्रहणी है शैलेंद्र के के पिता करणी सिंह नरूका ने बताया कि गत 7 सितंबर को शैलेंद्र की ऑफिसर्स ट्रेनिंग ऐकडमी चेन्नई सेंटर(0) पर माता-पिता की मौजूदगी में पासिंग आउट परेड ( स्टार सेरेमनी) हुई। पोस्टिंग असम रेजीमेंट में मिली है।

आर्मी चीफ ने परेड की सलामी ली और सभी आफिसर को शुभकामनाएं दी। अब शैलेंद्र प्रताप सिंह भारतीय सेना में बतौर लेफ्टिनेंट सेवाएं देंगे। उनकी इस कामयाबी पर पूरे परिवार और गांव में खुशी का माहौल है। तीन बहिनों में इकलौता भाई है एवं सभी बहनें राजकीय सेवा में सेवारत है।बचपन से ही होनहार रहा है सेकंडरी 2015 में मेरिट एवं 2016 के स्कूल स्काउटींग में राष्ट्रीय पुरस्कार, राष्ट्रपति एवार्रड प्राप्त किया। 2017 में एनडिए में चयनित।2023 में ऑफीसर्स ट्रेंनिंग अकैडमी चेन्नई में ट्रेनिंग के लिए क्वालीफाई। जिसमें 07/09/24 मैं पास आउट हुए हैं और आसाम रेजिमेंट में लेफ्टिनेंट के पद पर पदस्थापित हुए हैं। लेफ्टिनेंट शैलेंद्र प्रताप सिंह नरूका ने बताया कि उनके प्रेरणा स्त्रोत दादा ,जो स्वयं राजस्थान पुलिस में थे और माता पिता रहे हैं। परिवार की तीन पिढिया राजकीय सेवा में सेवारत रही है।

### हिन्दी दिवस पर शुभकामनाएं

**जयपुर ।** राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने हिन्दी दिवस (14 सितम्बर) पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि हिंदी भाषा नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति है। हिन्दी भाषा देश के स्वाभिमान की प्रतीक है। विश्वभर में फैले भारतवासियों को यह अपनत्व की डोर से जोड़ती है। उन्होंने हिन्दी को तकनीक से जोड़ते हुए आधुनिक विश्व भाषा बनाए जाने का आव्हान किया है।

### एसडीएम का सम्मान

**किशनगढ बास।** एसडीएम मूलचंद लुनिया के तबादला होने पर व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों ने निवास पर पहुंचकर एसडीएम लुनिया को स्मृति चिन्ह प्रदान किया और साफा बांधकर सम्मान किया और शुभकामनाएं दी। इस दौरान व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी किराना अध्यक्ष मदनलाल अठावाल वस्त्र कमेटी उपाध्यक्ष विनय उर्फ टीटू गोयल रेडीमेड यूनियन अध्यक्ष जनेश भूटानी लघु उद्योग संघ अध्यक्ष हरमेश खुराना मौजूद रहे।

### जल बचाओ, पेड़ लगाओ समिति की बैठक हुई

**श्रीमाधोपुर ।** जल बचाओ समिति की वार्षिक बैठक अध्यक्ष परमानंद सोनी की अध्यक्षता में रोटरी क्लब भवन में हुई। बैठक में साल भर में श्रीमाधोपुर शहर में समिति के द्वारा करवाए गए कार्य जिनमें श्रीमाधोपुर के डिवाइडरों पर पौधरोपण, पर्यावरण को स्वच्छ बनाए जाने आदि पर पर चर्चा की गई तथा वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया।

# राजस्थान जल महोत्सव आज

**टोंक।** जल झूलनी एकादशी पर 14 सितंबर को जिले के जलाशयों पर राजस्थान जल महोत्सव-2024 का आयोजन किया जाएगा। पूर्ण रूप से भरे हुए जलाशयों पर राजस्थान जल महोत्सव को लेकर की गई तैयारियों को लेकर जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि ब्लॉक लेवल पर आयोजित कार्यक्रम पंचायत समिति के विकास अधिकारी एवं जल संसाधन विभाग के निर्देशन में करवाएं जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि क्षेत्र के पूर्ण भर चुके जलाशयों पर महोत्सव के कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम ब्लॉक देवली की ग्राम पंचायत राजमहल, बीसलपुर बांध पर आयोजित किया जाएगा। इसके लिए विकास अधिकारी देवली एवं बीसलपुर बांध के अधिशाषी अभियंता द्वारा सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जावे। इसके अलावा सभी ब्लॉक पर पूर्ण भरे हुए 7 बांधों तथा ग्राम स्तर पर 11 बांधों पर जल महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों में जनप्रतनिधियों, काश्तकारों आमजन, संस्थाओं की अधिकाधिक सहभागिता हो। साथ ही विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भी इन कार्यक्रमों में भागीदारी सुनिश्चित करें। इन बांधों पर होंगे कार्यक्रम राजस्थान जल महोत्सव 2024 कार्यक्रम के तहत पंचायत समिति टोंक में चंदलाई बांध, पंचायत समिति निवाई में माशी बांध,पंचायत समिति पीपलू में दौलत सागर बांध, पंचायत समिति देवली में पनवाड सागर बांध, पंचायत समिति उनियारा में गलवा बांध, पंचायत समिति टोडारायसिंह में ढीबरु सागर बांध एवं पंचायत समिति मालपुरा में टोरडी सागर बांध पर प्रातरू 11रू30 बजे कार्यक्रम आयोजित होंगे।

# तेजाजी महाराज का अभिषेक, भव्य झांकी सजाई

**फुलेरा** कस्बे के पुराना फुलेरा बिचून रोड़ स्थित तेजाजी चौक में शुक्रवार को तेजा दशमी के उपलक्ष में राजस्थान के प्रसिद्ध लोक देवता वीर तेजाजी महाराज का मेला महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इसके पूर्व मन्दिर के पुजारी पण्डित सत्यनारायण शर्मा के द्वारा तेजाजी महाराज का अभिषेक करवाकर पुष्प मालाओं से भव्य श्रृंगार कर झांकी सजाई गई।

उपरोक्त जानकारी देते हुए मेला आयोजन समिति के पदाधिकारी दिलीप सुरोलिया और दुर्गा सिंह नरूका ने बताया कि वीर तेजाजी महाराज राजस्थान के प्रसिद्ध लोक देवता है, जिनके पर्चे आज भी प्रत्यक्ष से देखने को मिलते है। इसी क्रम में स्थानीय पार्षद जितेंद्र वर्मा ने बताया कि फुलेरा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से प्रतिदिन तेजाजी की ढोल बिन्दोरी निकाली गई। जबकि मेला महोत्सव के दिन क्षेत्र के प्राचीन ठाकुर जी महाराज मन्दिर से ढोल बिन्दोरी निकाली गई।

जो कि उक्त मन्दिर से रवाना होकर मेला स्थल पर पहुंची। जहां पर तेजाजी महाराज की आरती की गई। इसके साथ ही समिति द्वारा कार्यक्रम के दौरान पधारे मुख्य अतिथि पूर्व विधायक निर्मल कुमावत, पालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी, एमपीएस धन्ना लाल नोदल, पालिका अध्यक्षा प्रतिनिधि जितेन्द्र अठावाल, पार्षद सरदार सिंह चौधरी, यतेन्द्र झांकड़ा, दौलत चौधरी, पूजा भाटी, अमर चन्द सैनी, मदन गढ़वाल, प्रमोद मीणा, जितेन्द्र वर्मा, भामाशाह उर्मिला सुरोलिया, राजेन्द्र वर्मा, अभिषेक वर्मा, आलोक तिवाड़ी का साफा व दुपट्टा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन सन्तोष स्वामी, सुरेश सैनी, बजरंग लाल जोशी के द्वारा किया गया। तो वहीं दूसरी ओर सुरक्षा को लेकर थानाधिकारी बाबूलाल मीणा के नेतृत्व फुलेरा थाने का स्टाफ उपस्थित रहा। गौरतलब है कि मेला महोत्सव के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु व भक्तगण उपस्थित रहे।

# कालाडेरा में बाबा रामदेव की भव्य शोभायात्रा निकाली



वीर तेजा दशमी पर कालाडेरा में शोभायात्रा निकाली।

**चौंमू / कालाडेरा ( निंस )** चौंमू उपखण्ड में बाबा रामदेव व वीर तेजा दशमी बडे हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई जो वह ओपन के ग्रामीण क्षेत्रों में शोभायात्रा भी निकल गई।

कालाडेरा कस्बे के वार्ड नम्बर 20 में स्थित बाबा रामदेव के मन्दिर में बाबा की भव्य सजावट की गई। वहीं बाबा रामदेव की भव्य शोभायात्रा कस्बे के मुख्य मार्गों से डीजे के साथ निकाली गई। इस दौरान ग्रामीण जन व वार्डवासी उपस्थित थे।

- बाबा रामदेव के मन्दिर में बाबा की भव्य सजावट की गई

# उल्टी दस्त से पीड़ित छात्रों का उपचार

**चाकसू,** (निस) कस्बे के बाईपास स्थित जगन्नाथ यूनिवर्सिटी में शुक्रवार शाम को अचानक छात्रों को उल्टी दस्त की शिकायत होनी शुरू हो गई। अचानक यूनिवर्सिटी के छात्रों को हुई उल्टी दस्त की शिकायत से यूनिवर्सिटी में हड़कंप मच गया। जिसकी सूचना तुरंत कश्मीर के उप जिला अस्पताल में पहुंचाई गई।

सूचना मिलते ही उप जिला अस्पताल के चिकित्सकों की टीम यूनिवर्सिटी में पहुंची और उल्टी दस्त से पीड़ित विद्यार्थियों का इलाज किया। उप जिला अस्पताल खंड चिकित्सा अधिकारी सौम्या पंडित ने बताया कि गुरुवार को यूनिवर्सिटी के करीब 25 छात्र उल्टी दस्त की शिकायत को लेकर अस्पताल में इलाज के लिए आए थे जिनका इलाज किया गया था। दूसरे दिन शाम 6 बजे जगन्नाथ यूनिवर्सिटी के और छात्रों को उलटी दस्त से ग्रसित हों की सूचना प्राप्त होते ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ हंसराज भदालिया के निर्देशानुसार खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी चाकसू द्वारा तुरंत मेडिकल टीम को यूनिवर्सिटी में भिजवाया गया। मेडिकल टीम के द्वारा छात्रों को उपचार दिया गया।

टीम ने यूनिवर्सिटी के 4 छात्रों को जयपुर रेफेर किया तथा एक छात्र चाकसू उपजिला चिकित्सालय में भर्ती है। चाकसू उपजिला चिकित्सालय में 2 दिनों में यूनिवर्सिटी के लगभग 25 छात्रों जो उलटी दस्त से ग्रसित थे उनका उपचार किया जा रहा था। आज अचानक से ज्यादा छात्रों की दस्त की शिकायत मिलने पर मिलने पर बीसीएमओ के नेतृत्व में मेडिकल टीम यूनिवर्सिटी में भिजवाई गयी। जिन्होंने करीब 65 उल्टी दस्त से ग्रसित छात्रों का उपचार किया। संभवतः फूड प्वाइजन के शिकार है छात्र बाकी रिपोर्ट आने पर ही कंफर्म हो पाएगा। यूनिवर्सिटी से खाने के सैंपल लिए हैं जिनकी जांच की जाएगी।

## सार-समाचार

### तेजाजी का मेला भरा



**सावरदा ( निं स ) ।** सावरदा सहित आसपास गिदानी , पालु खुर्द पालुकलां, अखैपुरा , महेशपुरा , चांदरमुल आदि गांवो में अलसुबह से कच्चे दूध से तेजाजी महाराज की मुर्तियो का दुग्धाभिषेक करवाया गया । उसके बाद घर घर से खीर चुरमा पुआ आदि व्यंजनों का भोग तेजाजी महाराज को लगाकर खुशहाली की कामना की गई । सावरदा के बस स्टेण्ड स्थित मंदिर प्रांगण में दिनभर मेहरा मेहरी का लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया । शाम को ढ़ोल ताशो की धुनो पर बिदोरियां निकाली गई । गढ़ के सामने स्थित चौक में मेले का आयोजन देखने ग्रामीणों का जनसैलाब उमड़ पड़ा ।

### मोहन भागवत अलवर पहुंचे

**अलवर ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जयपुर प्रांत के प्रांत संघचालक महेन्द्र सिंह मग्गो ने बताया कि डॉ. भागवत आश्रम एक्सप्रेस से अलवर पहुंचे। 15 सिंतबर को सुबह इंदिरा गांधी खेल मैदान में स्वयंसेवकों के एकत्रिकरण कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। 17 सितंबर को अलवर से पावटा जाएंगे, जहां महामृत्युंजय महायज्ञ में शामिल होंगे। इस दिन शाम को पावटा से जाएंगे। प्रांत संघचालक ने बताया कि कार्यकर्ताओं के प्रबोधन और उनकी संभाल की दृष्टि से सरसंघचालक का देशभर में नियमित प्रवास होता है। इसी क्रम में जयपुर प्रांत का प्रवास है। 2025 में आ रहे संघ के शताब्दी वर्ष, संघ कार्य के विस्तार एवं समाज परिवर्तन के कार्यों को गति प्रदान करने और कार्यकर्ताओं का प्रबोधन जैसे विषयों पर भी वे चर्चा करेंगे।

### चंदन की खुशबु से महके जीनालय

**मालपुरा** (निस)। सकल जैन समाज द्वारा शुक्रवार सुगन्ध दशमी का पर्व मनाया गया। जैन समाज के महिला-पुरूषों ने मंदिरों में पहुंच कर चंदन की धुप अग्नि पर मंदिर में शीश झुकाया। चंदन की खुशबु से महके जीनालय, जैन समाज चातुर्मास कमेटी टोडाराय सिंह अध्यक्ष संत कुमार जैन व प्रवक्ता मुकुल जैन ने बताया कि मुनी शुभम सागर महाराजव मुनी सक्षम सागर महाराज के सानिध्य मे जैन समाज के महिला-पुरूषों ने जुलुस के रूप में जैन मंदिरो मे पहुंच धुप क्षेपन किया। विमल जैन टोरडी मालपुरा ने बताया कि शहर के सभी जैन मंदिरो मे धुप दशमी का पर्व मनाया गया। गुरूवार की रात्री को पारसनाथ दिग्म्बर जैन मंदिर में आर्यिका 105 विष्णुप्रभा माताजी व सुरम्यमति माताजी के सानिध्य में भव्य दक्ष लक्षण महामंडल विधान व आरती की गई।

### जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित

**खैरथल।** खैरथल तिजारा जिला सचिवालय पर शुक्रवार को जिला कलेक्टर किशोर कुमार कि अध्यक्षता में बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलेक्टर ने बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए भूमि आवंटन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बजट घोषणाओं का निर्धारित समयबद्ध कार्यक्रम अनुसार शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किए जाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा जिला स्तरीय अधिकारियों के स्तर पर बजट घोषणा से संबंधित मामले लंबित नहीं रहे। अधिकारी बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के संबंध में अपने विभाग के उच्चाधिकारियों से मार्गदर्शन लेवे और जल्द कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने विशेष रूप से बजट घोषणाओं से संबंधित भूमि आवंटन को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने के लिए कहा जिससे आधारभूत सुविधाओं का विकास जिले में किया जा सके। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेंद्र सिंह यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव, सीएमएचओ अरविंद गेट, समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक रीको यूनिट द्वितीय आदित्य, वरिष्ठ प्रबंधक रीको यूनिट प्रथम ज्ञानेंद्र शर्मा, सीडीपीओ बीना गुप्ता, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग भूरी सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी राजकुमार जैन, डीवाईएसपी भिवाड़ी शिवराज अधिशासी अभियंता बीड़ा, नगर परिषद कनिष्क अभियंता मोतीलाल वर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### 21वीं नारायणी धाम पदयात्रा रवाना हुई

**बौंली-बामनवास,**(श्रद्धा ओम त्रिवेदी): क्षेत्र के 84 परगना सेन समाज बौंली की 21वीं नारायणी धाम पदयात्रा ध्वज पूजन के साथ गोविंद देव जी मंदिर से रवाना हुई। शंकर लाल सेन पुनेता यूनियन अध्यक्ष ने बताया कि 84 परगना सेन समाज द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शुक्रवार को नारायणी धाम अलवर के लिए 21वीं पदयात्रा रवाना हुई पदयात्रा का पूजन आचार्य हेमराज दीक्षित ने कराया एवं बौंली नगर पालिका अध्यक्ष कमलेश देवी जोशी ने पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सेन समाज के अध्यक्ष सत्यनारायण सेन, कन्हैयालाल सचिव, हरिओम, मोहन व गोपाल सेन के अलावा अनेको श्रद्धालु महिला, पुरुष पदयात्रा में शामिल थे।

### आज 4 घंटे बिजली बंद रहेगी

**श्रीमाधोपुर** कस्बे में आज को सुबह 7 बजे से 11 बजे तक 132 जी एस एस जालपाली श्रीमाधोपुर मे रखरखाव व मरम्मत कार्य करने के लिए विधुत आपूर्ति बंद रहेगी तथा इनके अधीन आने वाले जी एस एस तीजावाला जोहड़ा, श्रीमाधोपुर, डेरारामसागर, हॉसपुर, बस्सी, जोरावरनगर, कंचनपुर, तिवाड़ी कि ढ ाणी, निमड़ावाली, खेड़ी, मऊ, बागरियावास, नांगल, पृथ्वीपुरा, होल्याकाबास व इनके आस पास के गांव व ढ ाणीयो कि विधुत आपूर्ति बंद रहेगी ।

# 'राज्यपाल ने कहा वर्षा जल संरक्षण के लिए अधिकाधिक कार्य हो'

**जयपुर,** जोबनेर । राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने वर्षा जल संरक्षण के लिए अधिकाधिक कार्य करने के साथ ही कृषि विश्वविद्यालयों में इस तरह के शोध और अनुसंधान को बढ़ावा दिए जाने पर जोर दिया है,जिससे भारत कृषि क्षेत्र में विश्वभर में अग्रणी बन सके। उन्होंने कहा कि उत्पादन, ग्रेडिंग, पैकिंग के काम घर में ही करने की शिक्षा प्रदान कर किसान हित में अधिकाधिक कदम उठाए जाएं।

उन्होंने विश्वविद्यालय प्रसार शिक्षा के अंतर्गत किसानों के लिए क्रियान्वित केन्द्र व राज्य सरकार की लाभकारी योजनाओं का अधिकाधिक प्रसार किए जाने पर भी जोर दिया ताकि आम किसान को प्रत्यक्ष उनका लाभ सके।

राज्यपाल बागडे शुक्रवार को श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के बारहवें स्थापना दिवस पर संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने विश्वविद्यालय के डेयरी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के भवन का भी लोकार्पण किया।

राज्यपाल बागडे ने कहा कि यह समय वर्षा का है। इस बार सभी स्थानों पर अच्छी वर्षा हो रही है। वर्षा जल को संरक्षित करने के लिए सभी मिलकर प्रयास करें। उन्होंने कहा कि हर बार अच्छी वर्षा होगी, यह भरोसा नहीं किया जा सकता। इसलिए हो रही वर्षा के पानी को बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा कि यह जलवायु परिवर्तन का दौर है। कृषि पर भी बहुत से संकट हैं। इस दौर में अधिकाधिक पौधे लगाकर और प्राकृतिक खेती को अपनाकर ही हम देश का विकास कर सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि खेतों अंधाधूंध रासायनिक उर्वरकों के इस्तेमाल से मिट्टी की उर्वरा शक्ति खत्म हो रही है। इससे उत्पादित फसल के उपयोग से कैंसर जैसे असाध्य रोग हो रहे हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि प्राकृतिक खेती की ओर लौटा जाए। उन्होंने उद्यानिकी और कृषि में तकनीक के प्रयोग से अधिक उत्पादन का आव्हान किया।

बागडे ने कृषि शिक्षा के अंतर्गत युवाओं को खेती के लिए प्रेरित करने। खाद्य प्रसंस्करण और अन्य कृषि उत्पादों में उद्यिमता विकास के लिए भी कार्य करने पर जोर दिया। उन्होनें कहा कि खेती लाभकारी कैसे हो, इस पर सब मिलकर प्रयास करें। उन्होनें कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय के इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि यह सुखद है कि आजादी से पहले यहां कृषि शिक्षा के लिए इस तरह के प्रयास हुए हैं। उन्होंने खेती और पशुपालन के लिए व्यावहारिक सोच रखते हुए कार्य करने पर जोर दिया । इस अवसर पर राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर. चौधरी और सांसद श्री राव राजेंद्र सिंह ने भी विचार रखे। राज्यपाल ने इससे पहले कृषि शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि कृषि को स्वयं की उद्यिमता में बदलें। नौकरी की बजाय कृषि क्षेत्र को ही भविष्य के लिए चुनें ताकि देश आपके ज्ञान, अर्जित शिक्षा से कृषि क्षेत्र में अग्रणी बन सके। उन्होंने कृषि और पशुपालन से जुडे उत्पादों की प्रदर्शनी भी देखी और सराहना की।




विश्वविद्यालय के डेयरी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के भवन का भी लोकार्पण किया।

- श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर का बारहवां स्थापना दिवस समारोह आयोजित

# वीर तेजाजी महाराज के विशाल मेले में हजारों दर्शनार्थियों ने किए दर्शन

**चाकसू** (निस)तेजा दशमी का पर्व कस्बे सहित ग्रामीण इलाकों में बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। तेजाजी के मंदिरों में बड़ी तादाद में श्रद्धालुओं का तांता लगा और तेजाजी महाराज के मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई। मान्यता है कि सर्पदंश से बचने के लिए वीर तेजाजी का पूजन किया जाता है। गांव और शहरों में आज के दिन तेजाजी के मेले भरते हैं इससे पूर्व नवमी को जगह रात्रि जागरण होते हैं के साथ मेले का शुभारंभ होता है। और दसमी की सुबह से ही वीर तेजाजी के मंदिर पर श्रद्धालुओं का आना शुरू हो जाता है जिसका सिलसिला देर रात तक चलता है कस्बे के मनोहर तालाब स्थित एवं टिकरिया रोड खेलों की ढाणी पर स्थित तेजाजी मंदिर पर उत्सव को लेकर प्रातः से भक्तों का ताता दर्शन हेतु लगा रहा। मनोहरा तालाब की पाल पर तेजाजी के मंदिर पर हजारों की तादाद में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। तेजा दशमी के मौके पर यहां पर मेले का आयोजन हुआ। मेले के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालुओ ने वीर तेजाजी महाराज का दर्शन का लाभ लिया एवं मेले में बच्चों के खिलौने, महिलाओं के श्रंगार, घरेलू सामान, बर्फ गोले, चाट सेंटर, पानी पतासे, फल, सब्जी, खाद्य पदार्थ आदि की दुकानें लगी।

इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा एवं अन्य जनप्रतिनिधि तेजाजी महाराज की मंदिर पर पहुंचे और लोक गायक कलाकारों के साथ दोनो हाथों से धमाल बजाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। मेले में घोड़ले के आयी तेजाजी की सवारी से लोगो ने झाड़े लगवाकर आशीर्वाद लिया मंदिर में चढ़ावा चढ़ाया गया। लोक गायक कलाकार इंद्र सैनी ने नाक से बांसुरी बजाकर सभी भक्तों का आकर्षित किया। इन का साथ मदन सैनी व अन्य कलाकारों ने साथ दिया घोड़ीनृत्य ने सबका मनमोह लिया । मेले में विधायक के साथ पूर्व पार्षद बाबूलाल ढोबला , पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष कन्हैयालाल सैनी सहित कई जनप्रतिन्धी मौजूद थे । वही शिवदासपुरा , ख़िरयावाली ढाणी सहित कई तेजाजी के मंदिरों में मेला भरा जंहा दिन -रात भक्तों की भीड़ उमड़ रही है ।